पंजाब केसरी 13/04/2023

# ई.आर.पी. के मॉडयूल के उपयोग विषय पर कालेज में दी गई ट्रेनिंग

अम्बाला छावनी, 12 अप्रैल (कोचर): कैंट के जी.एम.एन. कालेज के कम्प्यूटर विभाग द्वारा प्रोफेशनल डिवैल्पमैंट प्रोग्राम के अंतर्गत ई.आर.पी. के विभिन्न मॉड्यूल का उपयोग कैसे करें विषय पर ट्रेनिंग दी गई। प्राचार्य डा. रोहित दत्त की अध्यक्षता में इस ट्रेनिंग प्रोग्राम को किया गया। उन्होंने कहा कि तकनीकी युग में ई.आर.पी. किसी भी महाविद्यालय के लिए रीढ़ की हड्डी है और इसके द्वारा बड़ी ही दक्षता से सारे काम किए जा सकते हैं।

कार्यक्रम संयोजिका प्रो. उपिंदर कौर ने विस्तृत रूप से एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग सॉफ्टवेयर से संबंधित सभी पहलुओं जैसे लर्निंग मैनेजमैंट सिस्टम (एल.एम.एस.) को विस्तार से बताया। इस प्रोग्राम का उद्देश्य शिक्षकों को तकनीकी रूप से अपग्रेड करना और सशक्त बनाना रहा।